सार-समाचार

मकर संक्रांति की खुशियाँ बांटी, जरूरतमंद परिवारों को मिला सहारा

अजमेर । नवपंख संस्था द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सामाजिक सरोकार निभाते हुए झुग्गी बस्ती में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों के साथ उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था ने पर्व के अवसर पर बस्ती के निवासियों को वस्त्र, भोजन एवं आवश्यक राशन सामग्री का वितरण कर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मकर संक्रांति जैसे पारंपरिक पर्व की खुशियाँ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक पहुँचाना तथा उनमें सहयोग, संवेदनशीलता और आत्मीयता की भावना को सुदृढ़ करना रहा। वितरण कार्यक्रम के दौरान बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के चेहरों पर संतोष और प्रसन्नता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। नवपंख संस्था के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर कहा कि मकर संक्रांति केवल एक पर्व नहीं, बल्कि दान, सेवा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक सोच और आपसी सहयोग की भावना को बल मिलता है। उन्होंने यह भी बताया कि संस्था भविष्य में भी इसी प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में मानिन्दर कौर, मयंक चावला, नितिन उप्पल, सौरभ जैन, विजय शर्मा, प्रकाश चंद शर्मा, जितेंद्र डाबरिया सहित अनेक भामाशाह परिवारों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। स्थानीय नागरिकों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

'मेल्विन जॉन्स के दूरदर्शी नेतृत्व ने वैश्विक सेवा आंदोलन की नींव रखी'

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब इंटरनेशनल के संस्थापक लायन मेल्विन जॉन्स की 146वीं जयंती के अवसर पर अजमेर में श्रद्धा एवं सेवा भावना के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानसरोवर कॉलोनी स्थित लायंस भवन में आयोजित समारोह में लायंस प्रांत 3233Ĉ के प्रांतपाल लायन रामकिशोर गर्ग ने मेल्विन जॉन्स को कोटिशः नमन करते हुए उनके बताए सेवा मार्ग पर निरंतर चलते रहने का आव्हान किया। प्रांतपाल गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि मेल्विन जॉन्स के दूरदर्शी नेतृत्व ने एक वैश्विक सेवा आंदोलन की नींव रखी। आज विश्वभर में लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य उसी प्रेरणा का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि सेवा ही लायनिज्म की आत्मा है और प्रत्येक लायन साथी को इसे और अधिक सशक्त बनाना चाहिए। प्रांतीय सचिव लायन अशोक जैन ने सभी लायन साथियों को इस प्रेरणादायी अवसर पर शुभकामनाएँ देते हुए सेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत करने की अपील की। संभागीय अध्यक्ष लायन हरीश गर्ग ने कहा कि सेवा के कार्य में अकेले बहुत आगे नहीं बढ़ा जा सकता, जब तक हम दूसरों के लिए कुछ करना प्रारंभ न करें। कार्यक्रम का संचालन लायन जे.के. जैन ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन लायन अशोक बंसल द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अजमेर के सभी लायंस क्लबों के पदाधिकारी एवं केबिनेट सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन सी.पी. गुप्ता, अजमेर पृथ्वीराज के अध्यक्ष लायन सुनील शर्मा, आस्था क्लब के अध्यक्ष लायन मुकेश कर्णावट, वेस्ट क्लब के अध्यक्ष लायन अनिल आसनानी, मैन क्लब के अध्यक्ष लायन अशोक जैन, शौर्य क्लब की अध्यक्ष लायन रीना श्रीवास्तव सहित अनेक लायन सदस्य मौजूद रहे। सभी ने मेल्विन जॉन्स की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पशु चिकित्सा शिविर

मसूदा, (निसं)। पशु कल्याण पखवाड़े के अंतर्गत राजकीय पशु चिकित्सालय केलू, मसूदा द्वारा झूमी गोविंद गौशाला समिति, अंधेरी देवरी में पशु चिकित्सा एवं बाँझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण के साथ पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन एवं गौसेवा के प्रति जागरूक करना रहा। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गौसेवा कार्यक्रम के तहत गौवंश को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया गया। ब्लॉक पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सुन्वासिया ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति में परिवार के सदस्य के समान है। गौसेवा से पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर होता है, दूध उत्पादन बढ़ता है और किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होती है। शिविर में पशुधन निरीक्षक हेमराज कुम्हार एवं विनोद कुमार ने पशुपालकों को संतुलित आहार, समय पर टीकाकरण, स्वच्छता प्रबंधन और बाँझपन की रोकथाम के उपायों की जानकारी दी। शिविर के दौरान कुल 80 पशुओं का उपचार किया गया तथा निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान नारायण सिंह रावत, पूर्व सरपंच लाल सिंह, गौशाला प्रबंधक वीर सिंह, रमेश रेबारी सहित अनेक गौसेवक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित पशुपालकों ने शिविर को पशु कल्याण एवं गौसंरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल बताया।

दान, सेवा के साथ मकर संक्रांति पर्व मनाया

मसूदा, (निसं)। दान-पुण्य का पर्व मकर संक्रांति मसूदा उपखंड क्षेत्र में बुधवार को श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। पर्व के अवसर पर लोगों ने जरूरतमंदों को खाद्य सामठी, वस्त्र एवं अन्य आवश्यक सामठी का दान किया तथा गौसेवा के अंतर्गत गायों को हरा चारा खिलाया। क्षेत्र में जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान, दान-पुण्य कार्यक्रम एवं सामाजिक सेवा के आयोजन देखने को मिले। आसमान में रंग-बिरंगी पतंगों की छटा छाई रही। बच्चों से लेकर युवाओं तक में पतंगबाजी को लेकर खासा उत्साह नजर आया। महिलाओं ने घरों में मकर संक्रांति से जुड़ी पारंपरिक रस्में निभाईं। बाजारों में पतंग, डोर तथा तिल से बनी मिठाइयों की खरीदारी जोरों पर रही। प्रशासन द्वारा चाइनीज मांझे पर सख्त प्रतिबंध लागू रखा गया। मसूदा नगर पालिका क्षेत्र में दिनभर मकर संक्रांति की रौनक बनी रही।

अजमेर में ऐतिहासिक सुंदरकांड पाठ, हनुमान भक्ति में डूबा शहर

अजमेर। शहर धार्मिक आस्था और भक्ति के विराट स्वरूप में नजर आया, जब अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल के संयोजन में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। दिल्ली के प्रसिद्ध हनुमंत कृपा पात्र पंडित रसराज जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा शहर मानो हनुमान भक्ति में रंग गया।

अजमेर दक्षिण से विधायक अनीता भदेल ने बताया कि कार्यक्रम के लिए प्रारंभ में 51 51 आसनों की व्यवस्था की गई थी, लेकिन श्रद्धालुओं

■ विधायक अनीता भदेल के संयोजन में दिल्ली के प्रसिद्ध पंडित रसराज जी महाराज का सान्निध्य, सात हजार से अधिक श्रद्धालु हुए सहभागी

की संख्या अनुमान से कहीं अधिक रही और यह आंकड़ा लगभग सात हजार तक पहुंच गया। दोपहर की तेज धूप के बावजूद भक्तों के उत्साह और श्रद्धा में कोई कमी नहीं दिखी। जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोषों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा, जिससे अजमेर एक दिन के लिए धार्मिक नगरी में तब्दील हो गया।

सुंदरकांड पाठ के दौरान पंडित रसराज जी महाराज ने सुंदरकांड के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पाठ संकटों से मुक्ति, मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने भक्तों को हनुमान भक्ति के माध्यम से जीवन में धैर्य, शक्ति और सेवा भाव अपनाने का संदेश दिया।कार्यक्रम में परम पूज्य जगद्गुरु निम्बार्काचार्य स्वामी श्री श्याम शरण देवाचार्य ने भी विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सुंदरकांड की महत्ता और उसके जीवनोपयोगी संदेशों पर विस्तार से चर्चा की तथा इसे भक्ति और अनुशासन का अद्भुत माध्यम बताया।

कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और हनुमान चालीसा पाठ ने श्रद्धालुओं की आस्था को और अधिक प्रगाढ़ कर दिया। आयोजन के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। विधायक भदेल ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में संस्कार, सद्भाव और सकारात्मक सोच का प्रसार होता है। अजमेर वासियों ने इस भव्य आयोजन की सराहना करते हुए विधायक अनीता बघेल और पंडित रसराज जी महाराज के प्रति आभार व्यक्त किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक चेतना के लिए भी प्रेरणास्पद सिद्ध हुआ।

डिस्काउंट की संज्ञा देते हुए भक्तों को सहज रूप से संदेश दिया : हनुमान चालीसा पाठ के दौरान पंडित रसराज जी महाराज ने जब सहज और रोचक शैली में डिस्काउंट का उदाहरण देकर इसके महत्व को समझाया, तो पूरा पंडाल भक्ति रस के साथ हास्य से भी गूंज उठा। उन्होंने हनुमान चालीसा के पाठ की महत्ता बताते हुए कहा कि जो व्यक्ति प्रतिदिन 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ करता है, उसे किसी भी प्रकार के संकटों का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने आगे सरल शब्दों में समझाते हुए कहा कि यदि 11 बार संभव न हो तो 9, फिर 7, 5, 3 अथवा कम से कम एक बार प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ अवश्य करना चाहिए। इस क्रम को उन्होंने डिस्काउंट की संज्ञा देते हुए भक्तों को सहज रूप से संदेश दिया कि नियमित पाठ से जीवन की अनेक समस्याओं से मुक्ति संभव है। पंडित रसराज जी महाराज के इस अनोखे और प्रभावशाली उदाहरण ने श्रद्धालुओं को गहरे रूप से प्रभावित किया और सभी भक्तों से उन्होंने प्रतिदिन कम से कम एक बार हनुमान चालीसा के पाठ का संकल्प लेने का आवाहन किया।

अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल के संयोजन में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की जिला कलेक्टर से मुलाकात

अजमेर, (कासं)। अजमेर जिले में चल रही मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर सत्तारूढ़ दल पर गंभीर आरोप सामने आए हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पुनरीक्षण के नाम पर योजनाबद्ध तरीके से कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश रची जा रही है। इस मामले को लेकर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल तथा राजस्थान पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिला कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और निष्पक्ष जांच की मांग की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. जयपाल ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत मतदाता आपत्ति एवं दावा दर्ज करने के लिए प्रयुक्त प्रपत्र-7 का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया जा रहा है। बिना किसी वैध दस्तावेज के

■ मतदाता सूची पुनरीक्षण में साजिश का आरोप

फर्जी आपत्तियां दर्ज कर पात्र मतदाताओं को अनुपस्थित अथवा स्थानांतरित दर्शाया जा रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि वार्ड संख्या 80 के बूथ संख्या 29 में कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंट आरिफ खान का नाम फर्जी शिकायत के आधार पर अनुपस्थित एवं स्थानांतरित दर्शा दिया गया, जबकि प्रारूप मतदाता सूची में उनका नाम क्रम संख्या 334 पर विधिवत दर्ज है।

धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि यह महज प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास है। फर्जी हस्ताक्षरों, बिना प्रमाण की शिकायतों और गलत रिपोर्टिंग के माध्यम से हजारों वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की कोशिश की जा रही है, जो अत्यंत गंभीर एवं निंदनीय है।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान बड़े स्तर पर मताधिकार की चोरी की जा रही है। उनका दावा है कि एक केंद्रीकृत प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से जारी की गई पेन ड्राइव में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से चार से पांच हजार कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम हटाने से संबंधित आंकड़े संकलित किए गए हैं, जिन्हें भाजपा नेताओं तक पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी को अंतिम आपत्ति तिथि से पूर्व उपखंड कार्यालयों में बड़े पैमाने पर प्रपत्र भरवाकर कांग्रेस के वैध मतों को हटाने की साजिश की जा रही है। यह निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा आघात है, जिसे कांग्रेस किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगी। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन से मांग की कि दर्ज की गई सभी आपत्तियों एवं पारित आदेशों की निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी जांच कराई जाए तथा किसी भी पात्र नागरिक का नाम राजनीतिक दबाव या फर्जी शिकायत के आधार पर मतदाता सूची से न हटाया जाए।

साथ ही पार्टी ने सभी बूथ लेवल एजेंटों एवं कार्यकर्ताओं से मतदाता सूचियों पर सतत निगरानी रखने का आ ान करते हुए इसे लोकतंत्र की रक्षा की निर्णायक लड़ाई बताया ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. राजकुमार जयपाल, धर्मेंद्र राठौड़, फखरे मोइन, शैलेंद्र अग्रवाल, नौरत गुर्जर, सर्वेश पारीक, हेमंत जोधा, ईश्वर टहल्यानी, आरिफ खान, भंवर सिंह राठौड़, विकास चौहान, कपिल सारस्वत, चिरंजीव राठौड़, निर्मल पारीक एवं तनवीर गुजर सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चिकित्सालय में सुविधाओं के विस्तार पर निर्णय

अजमेर । जेएलएन चिकित्सालय की राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मरीजों की सुविधाओं के विस्तार और अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में फायर फाइटिंग सिस्टम की स्थापना, आईटी आधारित क्यू मैनेजमेंट सिस्टम, ऑनलाइन रेफरल, कॉल सेंटर एप और कैश हिस्ट्री प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए गए। अस्पताल में चार स्थानों पर उच्च गुणवत्ता की लिफ्ट लगाने और अगले पांच वर्षों के लिए उनके रखरखाव की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया।

विराट हिंदू सम्मेलन 17 व 18 जनवरी को

अजमेर, (कासं)। विराट हिंदू समाज के तत्वावधान में दो दिवसीय विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन 17 एवं 18 जनवरी को केशव बस्ती, वैशाली नगर अजमेर में किया जाएगा। सम्मेलन भोलेश्वर मंदिर जनता कॉलोनी, वैशाली नगर के सामने स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में आयोजित होगा।

सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आज अध्यक्ष गोवर्धनदास मोतियानी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर कार्यभार सौंपा गया। इस दौरान सम्मेलन के प्रचार-प्रसार हेतु तैयार किए गए फोल्डर का भी विमोचन किया गया। प्रकाश जेठरा ने बताया कि हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा और चेतना प्रदान करने के उद्देश्य से सर्व धर्म हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक इस विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर हंसाराम उदासीन, हरी सेवा धाम सनातन उदासीन आश्रम भीलवाड़ा एवं विशिष्ट अतिथि महामंडलेश्वर नंदराम शरण दास जी महाराज, रामसखा आश्रम पुष्कर होंगे। अध्यक्ष गोवर्धनदास मोतियानी ने बताया कि 17 जनवरी को प्रातः 11 बजे भोलेश्वर मंदिर से वाहन रैली रवाना होकर वैशाली नगर के विभिन्न क्षेत्रों से होती हुई पुनः वहीं संपन्न होगी। 18 जनवरी को प्रातः 9 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, इसके पश्चात संतों के आशीर्वचन होंगे। दोपहर 1 बजे से भोजन प्रसादी एवं सायं 4 बजे से सुरसंगम संस्था द्वारा 'एक शाम शहीदों के नाम' देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में जी.डी. वरिंदानी, दयाल प्रियानी, राजेंद्र लालवानी, संदीप , प्रदीप शर्मा, अशोक पंसारी, विकास लालवानी, ओमप्रकाश छुगानी, सत्येंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस तैयारी

अजमेर,। गणतंत्र दिवस-2026 के जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों के तहत झांकियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों को आकर्षक, संदेशपरक और नवीन थीम आधारित झांकियां तैयार करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को कहा गया कि झांकियों में विभागीय नवाचार, फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति और जिले के पंच गौरव को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए। झांकियों की गुणवत्ता और प्रस्तुति की नियमित समीक्षा की जाएगी।

संगमरमर की नगरी मकराना में अध्यात्मवेत्ता आचार्य श्री महाश्रमण का शुभागमन

मकराना(निस)जन-जन के मानस को आध्यात्मिक अभिसिंचन प्रदान करने वाले जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के वर्तमान अधिशास्ता, युगप्रधान, शांतिदूत आचार्यश्री महाश्रमणजी बुधवार को अपनी धवल सेना के साथ राजस्थान के मकराना नगर में पधारे तो सबसे पुराने और विशिष्ट प्रकार के संगमरमर के लिए प्रसिद्ध मकराना नगरी आलोकित हो उठी। सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले संगमरमर की नगरी में महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमणजी का शुभागमन जन-जन को आह्लादित बनाने वाला था। मकरानावासी मानवता के मसीहा का स्वागत कर मानों स्वयं को धन्य बना रहे थे। आचार्यश्री के स्वागत में उपस्थित जनसमूह में संप्रदाय का भेद गौण बना हुआ था।

जैन और अजैन सभी महातपस्वी आचार्यश्री के दर्शन से लाभान्वित हो रहे थे। आचार्यश्री भी अपने दोनों

■ मकरानावासियों ने अपने आराध्य का किया भावभीना स्वागत

■ मकरानावासियों ने दी भावनाओं को अभिव्यक्ति

करकमलों से आशीषवृष्टि करते हुए मकराना में स्थित सामुदायिक भवन में पधारे।मकराना की धरा पर आयोजित मंगल प्रवचन कार्यक्रम में समुपस्थित जनता को महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमणजी ने पावन पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि आदमी के मन में दुःखमुक्ति की भावना रह सकती है। बुढ़ापा, बीमारी तथा जन्म-मृत्यु भी दुःख होते हैं। शारीरिक और मानसिक दुःख के रूप में सारे दुःखों को समाहित कर सकते हैं। आदमी के शरीर में कभी कोई बीमारी के रूप में दुःख होता है। कभी-कभी आदमी को किसी बात को लेकर, किसी विषय को लेकर मन में भी कष्ट हो सकता है, दुःख होता है, वह मानसिक कष्ट होता है। इन दोनों प्रकार के दुःखों से छुटकारा पाने के लिए आदमी को स्वयं का निठाह करने अर्थात संयम करने की प्रेरणा प्रदान की गई। आदमी को आत्मानुशासन करने का प्रयास करना चाहिए।

जीवन में आत्मानुशासन हो तो कभी हद तक दुःखों से छुटकारा हो सकता है। अणुव्रत में भी कहा गया है कि अपने से अपना अनुशासन करने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए आदमी को अपनी वाणी का संयम करने का प्रयास करना चाहिए। कई बार वाणी के असंयम से कठिनाई की स्थिति बन सकती है। आदमी को कटु बोलने से बचने का प्रयास करना चाहिए। इसी प्रकार आदमी को अपने शरीर का अनुशासन भी रखने का प्रयास करना चाहिए। अपनी इन्द्रियों का भी उचित रूप में संयम रखने का प्रयास करना चाहिए। आचार्यश्री ने कहा कि आज मकराना में आना हो गया है। यहां के सभी लोगों में धार्मिक भावना, सद्भावना, नैतिकता व नशामुक्ति का प्रभाव बना रहे। आचार्यश्री ने लोगों को थोड़ी देर के लिए प्रेक्षाध्यान का प्रयोग भी कराया। साध्वीप्रमुखाजी ने उपस्थित जनता को उद्बोधित किया। आचार्यश्री के स्वागत में मकराना तेरापंथी सभा के अध्यक्ष सुरेन्द्र कोठारी व मकराना पंचायत समिति प्रधान सुमिता भींचर ने अपनी भावाभिव्यक्ति दी। मकराना तेरापंथ समाज ने सामूहिक रूप में स्वागत गीत का संगान किया। स्थानीय विधायक जाकिर हुसैन गेसावत और भाजपा जिलाध्यक्ष सुनिता रांदड़ ने भी अपनी भावाभिव्यक्ति दी।

मॉडल विद्यालय में 9 वीं कक्षा की छात्राओं को किया साइकिल वितरण

शाहपुरा । बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने एवं दूरस्थ शिक्षा में बालिकाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना साइकिल वितरण कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल शाहपुरा में स्थानीय विधायक डॉक्टर लालाराम बैरवा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। विद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक डॉक्टर लालाराम बैरवा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा है की बालिकाएं शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें तथा अपने घर से दूर विद्यालय तक सुगमता से पहुंच सके इस के लिए राजस्थान सरकार द्वारा कक्षा 9 की छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया जा रहा है। ग्रामीण अंचल में छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए गांव से दूर उच्च माध्यमिक विद्यालयों में जाना पड़ता है ऐसे में साधन के अभाव में बहुत सी छात्राएं विद्यालय जाने से वंचित रह जाती है। ग्रामीण एवं शहरी बालिकाओं को उच्च शिक्षा हेतु पूर्ण अधिकार मिले इसके लिए राजस्थान सरकार इस महत्वपूर्ण योजना के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी छात्राओं को साइकिल वितरण कर रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया। विद्यालय के प्राचार्य ईश्वर लाल मीणा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा है कि साइकिल के दो पहिए बालिकाओं के शिक्षा जीवन की रफ्तार है को लक्ष्य तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम को जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा ने संबोधित करते हुए कहा है कि स्थानीय विधायक जनता के लिए रात दिन मेहनत कर रहे हैं।

कार्यालय नगर परिषद पुष्कर जिला अजमेर राजस्थान

क्रमांक- न.प.पु/भूमि/2025/528 — उजरदारी सूचना — दिनांक: 13/01/2026

निम्न आवेदक ने अपनी वसीयत/क्रयशुदा/बख्शीसशुदा/आवंटित सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु नगर परिषद पुष्कर में आवेदन किया है जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था इत्यादि को उक्त कार्यवाही में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर ठोस सबूत मय दस्तावेज के आधार पर नगर परिषद पुष्कर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं परिषद द्वारा अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम मय पिता/ पति का नाम	स्थान	चतुर्थ सीमा	
1	श्रीमती नवांगिका पाराशर पत्नी श्री मोहित पाराशर	आवासीय रूपान्तरित प्लॉट नं. 56 वाके ब्रह्मा विहार कॉलोनी ग्राम बॉसेली तहसील पुष्कर जिला अजमेर	पूर्व-प्लॉट सं. 57 उत्तर-प्लॉट नं. 55	उत्तर-प्लॉट नं. 60 व 58 दक्षिण- 30 फुट चौड़ा रास्ता

- आयुक्त नगर परिषद पुष्कर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2025/5661 — आपत्ति सूचना — दिनांक: 14-01-26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका/पैराफेरी क्षेत्र में निम्न आवेदक द्वारा अपने भूखण्डों/मकानों के पास स्थित अधिक/खांचा भूमि के नियमन करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति सूचना जारी होने की तिथि से 7 योम में नगरपालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। समय उपरानत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

क.सं.	नाम आवेदक	क्षेत्र	क्षेत्रफल
1	राजेश कुमार धनोपिया पुत्र महेशचन्द धनोपिया	राजस्व ग्राम बिजयनगर में महेश कॉलोनी में खसरा नम्बर 353, 354/1 में भूखण्ड संख्या 14 के उत्तर दिशा में स्थित खांचा भूमि	80.41 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 2016 — जाहिर आम सूचना — दिनांक-14.01.26

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2-ख-7. आनासागर सरक्यूलर रोड, अजमेर क्षेत्रफल 32.00 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री राम गोपाल सोनी पुत्र श्री किस्तूर चन्द सोनी को आवंटित कर दिनांक 09.07.1979 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री राम गोपाल सोनी पुत्र श्री किस्तूर चन्द सोनी द्वारा जरिये इकरारनामा मुख्त्यारनामा एवं वसीयतनामा के श्री परशोतम पुत्र श्री देऊमल हरवानी को कर दिया गया है। श्री परशोतम पुत्र श्री देऊमल हरवानी द्वारा आवास का वैचान जरिये इकरारनामा मुख्त्यारनामा एवं वसीयतनामा श्री रामचन्द पुत्र श्री टेकचन्द तुल्सयानी को कर दिया गया। पुनः श्री रामचन्द पुत्र श्री टेकचन्द तुल्सयानी द्वारा जरिये इकरारनामा मुख्त्यारनामा एवं वसीयतनामा के आवास का वैचान श्री प्रताप पुत्र श्री मिर्चमल लालवानी को कर दिया गया। श्री प्रताप लालवानी की मृत्यु दिनांक 22.04.1998 को ही जाने के कारण उनकी पति श्रीमती जयश्री लालवानी पनि स्व. श्री प्रताप लालवानी के पक्ष में नियमितीकरण के आदेश जारी किये गये। श्रीमती जयश्री लालवानी पनि स्व. श्री प्रताप लालवानी द्वारा दिनांक 15.07.2020 को उक्त आवास का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय द्वारा करवा लिया गया। पजीयन पश्चात् श्रीमती जयश्री लालवानी पत्निव्र स्व. श्री प्रताप लालवानी द्वारा उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) श्री किशोर लालवानी पुत्र स्व. श्री प्रताप लालवानी के पक्ष में दिनांक 11.08.2023 को निष्पादित की गई। मण्डल द्वारा दिनांक 05.01.2024 को श्री किशोर लालवानी पुत्र स्व. श्री प्रताप लालवानी के पक्ष में नामान्तरण के आदेश जारी किये गये पुनः श्री किशोर लालवानी पुत्र स्व. श्री प्रताप लालवानी द्वारा उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) श्रीमती कविता लालवानी पत्नि श्री किशोर लालवानी के पक्ष में दिनांक 24.07.2025 को निष्पादित की गई। श्रीमती कविता लालवानी पत्नि श्री किशोर लालवानी द्वारा आवास का वैचान श्रीमती धनवंती केसवानी पत्नि श्री मोहनदास को दिनांक 09.12.2025 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 1020 में पृष्ठ संख्या 174 क्रम संख्या 202503002114336 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 4080 के पृष्ठ संख्या 476 से 485 पर दिनांक 09.12.2025 को चस्पा किया गया है। अब श्रीमती धनवंती केसवानी पत्नि श्री मोहनदास ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती धनवंती केसवानी पत्नि श्री मोहनदास का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन्न की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

- सहायक प्रशासनिक अधिकारी, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक : न.प.कि/कृषिभूमि नियमन/2025/5958 — दिनांक:-12.01.2026

-: आम सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम फरासिया के खसरा 722/404 व 731/224 मे स्वीकृत आवासीय योजना में विकासकर्ता हैप्पी रियल अर्थ एल एल पी द्वारा अग्राकित भूखण्डो के पटटा विलेख प्राविजनल आवटन पत्र के आधार पर प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। उक्त आवेदित आवेदित भूखण्डो के पटटा के सबंध किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति होतो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवसमें इस कार्यालय को लखित में आपतियां/मय साक्ष्य/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

क्र.सं.	आवेदक का नाम	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल
1.	मैसर्स हैप्पी रियल अर्थ एल.एल.पी. अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री रूपचन्द डीया पुत्र श्री शिवराज निवासी ग्राम हासमपुरा बास, भांकरोटा जय